तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 ग्राम नकटी की बेदखली कार्रवाई के विरोध में ...



16 गोड़पाल भाजपा शक्ति केंद्र के डिजिटल ...






## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानुप्रतापपुर निवासी 24 वर्षीय रॉबिन कोरेटी पिता धर्मराज ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 3 जुलाई को अपने कमरे में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 170 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व रक्त समूह परीक्षण हुआ

**कांकेर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालाकुर्रा में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 170 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड ग्रुप जांच की गई। कार्यक्रम में सरपंच विनोद रावटे, प्राचार्य शुभेष मिश्रा, उपसरपंच जितेंद्र साहू, देवेंद्र यदु मंडल महामंत्री के अलावा बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता के मार्गदर्शन में डॉ.आशुतोष गंगराले, आरएचओ बिहारी लाल दनात, एलटी लिकेश्वर यदु, देवेंद्र सोनबोइर, एएनएम कांति नायक ने सहभागिता निभाई।

## रास्ते पर गिरी गिट्टियों से आवागमन बाधिक, हादसे की आशंका

# बिना ढके गिट्टी परिवहन पर विभान ने की कार्रवाई एवं रायल्टी का लोचा भी उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क पर दौड़ रही गिट्टी से लदी एक हाईवा से कांकेर शहर में लगातार गिट्टी गिरने के कारण बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। परिवहन नियमों की अनदेखी करते हुए बिना तिरपाल ढके खनिज का परिवहन किया जा रहा था, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ गई। हरिभूमि ने खनिज विभाग को जानकारी दिया, जिसके बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित हाईवा को जब्त कर लिया।

- कांकेर शहर में प्रतिदिन बिना रायल्टी और बिना ढके दौड़ रहे हाईवा

खनिज नियमों के अनुसार गौण खनिजों का परिवहन करने वाले सभी वाहनों को तिरपाल या अन्य उपयुक्त माध्यम से पूरी तरह ढककर परिवहन करना अनिवार्य है। इसका उद्देश्य सड़क पर खनिज सामग्री के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं, धूल प्रदूषण तथा जनहानि की आशंका को रोकना है। इसके बावजूद कई परिवहनकर्ता नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। ऐसा नजारा प्रतिदिन कांकेर शहर में देखा जा सकता है। इसी कड़ी में गिट्टी से भरी हाईवा क्रमांक सीजी 07 बीडब्ल्यू 7713 कांकेर शहर में गोविंदपुर से कांकेर शहर की ओर 1 जुलाई को बिना ढके सड़क पर दौड़ रही थी। वाहन से लगातार गिट्टी गिर रही थी, जिससे पीछे चल रहे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ▶▶| शेष पेज 14 पर



### बिना ढके दौड़ रहे गिट्टी से भरे हाईवा

कांकेर शहर में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 गिट्टी से भरे हाईवा विभिन्न निर्माण कार्य स्थलों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन अधिकांश वाहनों में गौण खनिज को नियमों के अनुसार तिरपाल से ढककर परिवहन नहीं किया जा रहा है। इससे सड़क पर गिट्टी गिरने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कुछ दिन पहले भी शहर में दो गिट्टी से लदे हाईवा बिना ढके परिवहन करते हुए देखे गए थे। लगातार हो रहे इस नियम उल्लंघन पर खनिज विभाग से प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

### वाहन जब्त नियमानुसार होगी कार्रवाई

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि हरिभूमि के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खनिज विभाग का स्टाप मौके पर पहुँचा और वाहन चालक से रायल्टी माँगी गई, परंतु रायल्टी उपलब्ध नहीं करवा पाया। इसके अलावा वाहन में गौण खनिज को तिरपाल से नहीं ढका था। वाहन को जप्त करके संबंधित को नोटिस जारी किया गया और नियमानुसार कार्रवाई किया जाएगा। सड़क सुरक्षा और खनिज नियमों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अंग्रेजी और महुआ शराब जब्त तीन कोचिया चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 3 जुलाई को नरहरपुर थाना एवं कांकेर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।



- आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहनापानी निवासी नरेश मंडावी पिता ईतवारी मंडावी के पास8 लीटर महुआ शराब अवैध रूप से रखे होने की जानकारी ▶▶| शेष पेज 14 पर






## खबर संक्षेप



### संकुल समन्वयकों की बैठक में शिक्षा योजनाओं की समीक्षा

**कोण्डागांव।** जिला कार्यालय में विकासखंड कोंडागांव के संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान ने संकुल समन्वयकों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर योजनाओं की सतत निगरानी करें तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण गुणवत्ता और विभागीय निर्देशों के पालन को सुनिश्चित करें। बैठक में जिला मिशन समन्वयक ईमेल बघेल, साक्षरता मिशन समन्वयक डी.एस. पोटाई और एपीसी टुकेश शांडिल्य ने विभागीय योजनाओं के पारदर्शी संचालन, समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति, साक्षरता कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन तथा विभागीय पोर्टलों पर समय पर जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी संकुल समन्वयकों से विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, योजनाओं का शत–प्रतिशत क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

### शाला मुंडाटिकरा मुलमुला में किया गया नेवता भोज



**कोण्डागांव।** विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत प्राथमिक शाला मुंडाटिकरा मुलमुला में प्रधान अध्यापक किशनलाल मरकाम के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में स्नेह, आत्मीयता और उत्साह से भरपूर नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधान अध्यापक के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों एवं मिठाइयों की विशेष व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद लिया और पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। विद्यालय परिसर पूरे दिन खुशियों और उल्लास से सराबोर रहा।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने किया पौधारोपण



**दंतेवाड़ा।** जिले में हरित दंतेवाड़ा के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से संचालित वृहद पौधरोपण अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत टेकनार के शमसानघाट परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 1 से 7 जुलाई तक चल रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी रहे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग, तिलेश्वरी नाग, जनपद पंचायत सदस्य रामू नेताम, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, वनमंडलाधिकारी रंगानाथ तथा जनपद पंचायत सीईओ प्रदीप कुमार पटेल सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मिशन कमल अभियान के तहत आलोर-झाटीबन पहुंचे टेकाम

## माँ लिंगेश्वरी धाम के विकास कार्यों को मिली गति : नीलकंठ टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकसित केशकाल के संकल्प को साकार करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने मिशन कमल–विकसित केशकाल अभियान के तहत फरसगांव मंडल के ग्राम आलोर एवं झाटीबन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती तथा जनभागीदारी पर चर्चा की। विधायक ने युवा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर की जिम्मेदारियां सौंपते हुए कहा कि सशक्त बूथ ही मजबूत संगठन और विकसित केशकाल की आधारशिला है। उन्होंने



कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र परिवार तक आवास, सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। दौरे के दौरान विधायक ने ग्राम आलोर (झाटीबन) स्थित माँ लिंगेश्वरी धाम में मातृशक्ति एवं ग्रामीणजनों से मुलाकात कर धाम के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने पूर्व में की गई घोषणा को दोहराते हुए धाम परिसर में निर्मित चौकोर शेड के ऊपर अतिरिक्त शेड निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही मंदिर परिसर के मैदान का समतलीकरण कराने पर भी सहमति बनी, जिससे सितंबर माह में आयोजित होने वाले लिंगई मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। विधायक ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई अन्य मांगों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आश्वासन दिया और कहा कि धार्मिक आस्था के केंद्रों का विकास उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकु नेताम, मंडल अध्यक्ष धनराज पाण्डे, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश पांडे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष देवेंद्र निषाद, महामंत्री रामकुमार कोर्राम सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विरोध : कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे आदिवासी विरोधी कार्रवाई कहा

# ग्राम नकटी की बेदखली कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने ग्राम नकटी में कथित रूप से 85 आदिवासी परिवारों के घर तोड़े जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे आदिवासी विरोधी कार्रवाई बताते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल न्याय दिलाने की मांग की।

### भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि बरसात के मौसम में गरीब एवं आदिवासी परिवारों के मकान तोड़कर उन्हें बेघर कर दिया गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मानसून के दौरान इस प्रकार की कार्रवाई से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं, जो पूरी तरह अमानवीय है।



### प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत देने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिन परिवारों के घर तोड़े गए हैं, उन्हें तत्काल वैकल्पिक आवास, आर्थिक सहायता और पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए। उनका कहना था कि सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा करनी चाहिए।

### आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समाज, किसानों और गरीब परिवारों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। यदि प्रभावित परिवारों को न्याय नहीं मिला और सरकार ने अपनी कार्रवाई पर पुनर्विचार नहीं किया, तो कांग्रेस आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

### सरकार से फौरन राहत देने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार से मांग की कि ग्राम नकटी में हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाया जाए तथा भविष्य में बरसात के दौरान इस प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

### बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रहे मौजूद

पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस के प्रतिनिधि, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

### बरसात में मकान तोड़ना सरकार का अमानवीय कदम : सीपीआई

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई छत्तीसगढ़ राज्य इकाई ने नकटी गांव की पुरानी बसाहट में मकानों को ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड तिलक पाण्डे ने इसे जनविरोधी और अमानवीय कार्रवाई बताते हुए कहा कि बरसात के मौसम में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को बेघर करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



सीपीआई ने आरोप लगाया कि प्रभावित परिवारों को न तो पूर्व सूचना दी गई और न ही वैकल्पिक आवास, मुआवजा या पुनर्वास की व्यवस्था की गई। अचानक हुई कार्रवाई में लोगों का घरेलू सामान, राशन और अन्य जरूरी सामग्री भी नष्ट हो गई, जिससे परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने राज्य सरकार से प्रभावित परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा, स्थायी आवास एवं पुनर्वास उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही बरसात के दौरान बेघर हुए परिवारों के लिए किराया सहायता या पक्के मकान की व्यवस्था करने तथा पूरे मामले की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की गई है। कामरेड तिलक पाण्डे ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और नकटी गांव के प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के नाम पर बिना पुनर्वास किसी भी परिवार को बेघर करना स्वीकार्य नहीं है।

# शादी से नाराज बड़े भाई ने छोटे पर कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



■ इस वारदात में मां भी घायल, आरोपी गिरफ्तार, गंभीर घायल युवक जिला अस्पताल रेफर

बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटपाड में शुक्रवार शाम पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची मां भी घायल हो गईं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटपाड निवासी सलीम पटेल (24), पिता कुशल पटेल, अपनी मां रामोतीन पटेल के साथ घर में भोजन कर रहा था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई जितेंद्र पटेल वहां पहुंचा और कथित रूप से कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। हमले में सलीम के सिर, पीठ और जांघ में गंभीर चोटें आईं।


बीच-बचाव के दौरान मां रामोतीन पटेल भी घायल हो गईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल सलीम को 112 एंबुलेंस की सहायता से रात करीब 8:30 बजे फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायल सलीम ने बताया कि उसने दूसरे समाज की युवती से विवाह किया था, जिससे उसका बड़ा भाई नाराज रहता था और अक्सर इसी बात को लेकर ताने देता तथा विवाद करता था। घटना वाले दिन भी इसी मुद्दे पर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। सलीम के अनुसार, शाम को वह अपनी मां के साथ भोजन कर रहा था, तभी उसका भाई पीछे से आया और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वह किसी तरह घर से बाहर निकल आया, जिसके बाद पत्नी और दोस्तों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों की शिकायत पर बड़ेडोंगर थाना पुलिस ने आरोपी जितेंद्र पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।


## संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ.

संकुल केंद्र ताड़ोकी 01 एवं ताड़ोकी 02 के संयुक्त तत्वाधान में प्राशा कालेंद्रनगर, मंगतासालेभाट में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगतासालेभाट के सरपंच जागेश्वर कोमरा तथा अध्यक्षता संकुल प्राचार्य यमुना रानी पटेल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बच्चों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह को आकर्षक बनाया। संकुल प्राचार्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शासन की विभिन्न छात्रहितैषी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने पालकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया, जबकि सरपंच लक्ष्मण ध्रुव ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तथा एकलव्य, नवोदय और एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं दस्तावेज फाइल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में संचालन संकुल समन्वयक प्रवीण देवांगन तथा आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक जेएस नेताम ने किया।



## प्रवेश परीक्षा से वंचित छात्रों को फिर मौका, आज होगी अंतिम परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल में संचालित नए एजुकेशन हब एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन किया था, लेकिन किसी कारणवश 29 जून 2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, उनके लिए अब 5 जुलाई 2026 को अंतिम प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

गौरतलब है कि 29 जून को पीएम श्री सेजेस दुर्गुकोंदल में कक्षा पहली से लेकर कक्षा 11वीं तक के प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, लेकिन कई अभ्यर्थी विभिन्न कारणों से परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाए थे। ऐसे विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने उन्हें एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने बताया कि 5 जुलाई 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे पीएम श्री सेजेस दुर्गुकोंदल में अंतिम प्रवेश परीक्षा आंकलन आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए होगी जिन्होंने निर्धारित समय में आवेदन किया है, लेकिन 29 जून की परीक्षा में अनुपस्थित रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रवेश का अंतिम अवसर है और इसके बाद किसी भी परिस्थिति में दोबारा परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव



**कोण्डागांव।** केंद्रीय विद्यालय, कोंडागांव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विद्या प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्राचार्य नंद किशोर वासनिक ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं सामूहिक लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों को पेन, पेंसिल एवं अन्य अध्ययन सामग्री उपहार स्वरूप वितरित की गई। कार्यक्रम के बाद आयोजित पेरेंट्स–टीचर मीटिंग पीटीएम में प्राचार्य ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

# नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला–फुसलाकर ले जाने और उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है और नाबालिग पीड़िता को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 9 सितंबर 2025 को पीड़िता की मां ने थाना केशकाल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति भगा ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भा.पु.से. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन और एसडीओपी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और सायबर सेल की मदद से पुलिस को सुराग मिला कि आरोपी उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी पंकज शर्मा 25 वर्ष ने फोन पर शादी का झांसा देकर किशोरी को बरेली और बाद में दिल्ली के सुल्तानपुरी स्थित एक किराये के मकान में रखा था, जहाँ उसके साथ दुष्कर्म किया गया।



**आरोपी के खिलाफ सख्त धाराएं** : पुलिस ने दिल्ली में दबिश देकर आरोपी पंकज शर्मा को गिरफ्तार कर लिया और नाबालिग को सकुशल छुड़ाया। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 64(1), 64(2)(उ), 87 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़ते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। **कार्रवाई में इनकी रही भूमिका**: इस संपूर्ण ऑपरेशन में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, स.उ.नि. हेमंत देवांगन, सायबर आरक्षक मनोज मरकाम और महिला आरक्षक अहिल्या यादव की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की तत्परता से पीड़िता को समय रहते बरामद कर लिया गया और उसे परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया गया।


# हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

**निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट:-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

**प्रति,**
**संचालक**
**व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)**

**महोदय,**
..................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................... 2. पिता/पति का नाम....................................
3. जन्मतिथि........................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता: ग्राम......................पो...........................तहसील..........................
जिला.............................
पिन कोड......................................मोबाईल नं. 1........................2.........................व्हाट्सअप नं........................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)....................................
**7. शैक्षणिक योगयता:-**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


## पेज 13 के शेष

### बिना ढके गिट्टी ...

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई बार वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हुए और एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरिभूमि ने तत्काल खनिज विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही विभाग सक्रिय हुआ और संबंधित वाहन को सिविल लाईन से पंडरीपानी वाले मार्ग पर जब्त करने की कार्रवाई किया गया। विभागीय अधिकारियों ने वाहन चालक से आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और वाहन को पुलिस लाईन में रखवाकर संबंधित को नोटिस जारी किया गया। चर्चा है कि ऐसे परिवहन से लाभ लेने वाले कुछ दलाल कार्रवाई से असहज नजर आ रहे हैं और तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

### अंग्रेजी और महुआ ...

मिलने पर नरहरपुर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से महुआ शराब जब्त की। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार कांकेर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गढ़पिछवाड़ी निवासी 40 वर्षीय कन्हाई गाईन पिता सचिन के कब्जे से 3.460 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 150 रुपये नकद बरामद किए और गोविंदपुर निवासी 42 वर्षीय रविंद्र साहू पिता स्व. जीवन लाल के कब्जे से 2.020 लीटर अंग्रेजी शराब तथा 300 रुपये नकद जब्त किए गए। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर जताया विरोध



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने आज राज्य सरकार द्वारा ग्राम नकटी के 85 घरों को तोड़-फोड़ कर वषार्काल मे परिवारों को बेघर किये जाने के विरोध में एवं ग्रामवासियो को उचित न्याय दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया ।

### संजीव बने एल्डरमैन कार्यकर्ताओं में खुशी

**किरंदुल।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बस्तर संभाग के नगरीय निकायों में एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद किरंदुल के लिए संजीव दास को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल है। शासन ने नगर पालिका परिषद किरंदुल के लिए कुल पांच एल्डरमैन मनोनीत किए गए हैं। इनमें संजीव दास, शेख नजमुल हक, जोशना सवाई, सुनीता साहू और पी. श्रीनू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। संजीव दास लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने वर्ष 1998 में छात्र राजनीति की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की। वर्ष 2000 में वे सचिव बने। इसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा में जिला मंत्री , जिला उपाध्यक्ष, एवं आई टी सेल के संयोजक रहे। साथ ही अरविंद महाविद्यालय में युवा सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी भी निभाई।



# पर्यावरण संतुलन, भू-क्षरण को रोकने और जैव विविधता को बढ़ाने पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के दरभा के पहाड़ों और वन क्षेत्रों में पर्यावरण संतुलन, भू-क्षरण को रोकने और जैव विविधता को बढ़ाने के लिए वन विभाग द्वारा बरगद और पीपल जैसे विशाल और छायादार पौधों का रोपण किया जा रहा है। बरगद और पीपल पर्यावरण को शुद्ध करने और भारी मात्रा में ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण विरासत वृक्ष हैं। पर्यावरण संतुलन और धार्मिक आस्था के दृष्टिकोण से वन विभाग द्वारा बरगद एवं पीपल के पौधों का रोपण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन पेड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र में बड़ा योगदान है, क्योंकि ये पक्षियों, गिलहरियों और कई जीवों का प्राकृतिक आश्रय स्थल होते हैं। भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अंचल में बरगद और पीपल के पेड़ों को अत्यधिक पवित्र और पूजनीय माना जाता है । ग्रामीणों की इनमें गहरी आस्था है क्योंकि ये वृक्ष न केवल धार्मिक मान्यताओं और त्रिदेवों के वास का प्रतीक हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन और सामुदायिक जीवन का भी मुख्य केंद्र हैं। ग्रामीण मान्यताओं के अनुसार, पीपल के पेड़ की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु और शाखाओं-पत्तों में भगवान शिव का निवास माना जाता है। वहीं बरगद के पेड़ को अमरता और त्रिदेवों का प्रतीक माना जाता है। बरगद के पेड़ (वट वृक्ष) को अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं अपने पतियों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए 'वट सावित्री' के दिन बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा और परिक्रमा करती हैं।वन परिक्षेत्र दरभा के अन्तर्गत डीपीएफ 1306 बिसपुर सर्कल में को 10 हेक्टर क्षेत्र में बरगद एवं पीपल पौधा का रोपण कार्य चालू किया गया।

■ पक्षियों, गिलहरियों और कई जीवों का प्राकृतिक आश्रय स्थल बरगद व पीपल



### पेड़ों को सहेजना नैतिक जिम्मेदारी

चित्रकोट के एसडीओ एसडी नाग ने बताया कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है, इसे सहेजकर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हम सब एकजुट होकर पर्यावरण के सुधार के लिए प्रयास करें। उप वन मंडलाधिकारी एसडी नाग एवं परिक्षेत्र अधिकारी दरभा और बिसपुर सर्कल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहकर रोपण कार्य चालू किया गया।

### बच्चों की तरह पेड़ों को संरक्षित करें

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है जितना मानव जीवन का है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को प्रकृति के बीच जीवन-यापन की परंपरा का निर्वहन करना चाहिए। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और पेड़ों की रक्षा वैसे ही करनी चाहिए जैसे हम अपने बच्चों की करते हैं। किसी भी पेड़ लगाने से ज्यादा उसको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है।

### मानव जीवन में एक पौधे लगाएं

वन विभाग जगदलपुर वृत्त की सीसीएफ सुश्री स्टायलो मंडावी ने कहा कि विभाग की ओर से मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का सिलसिला चलाया जा रहा है। हर व्यक्ति अपने जन्मदिन, माता-पिता के जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाये और जीवित रखें। मानव जीवन के लिए एक पेड़ लगाना बहुत ही महान काम है। एक पेड़ मां के समान है, जैसे मां अपने बच्चों को सजाती एवं संवारती है, भोजन कराती है, ठीक उसी तरह एक पेड़ शुद्ध हवा देता है, जिससे हम आज खुली सांस ले पा रहे है। इसलिए कहा कि अपने मानव जीवन में एक पौधे लगाएं और उसे पेड़ बनते तक देखभाल करें।

# स्कूल में बाउंड्रीवाल व शौचालय नहीं, बच्चों की सुरक्षा खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा के खासपारा स्थित प्राथमिक शाला में बाउंड्रीवाल नहीं होने से स्कूली बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। विद्यालय मुख्य सड़क से लगा होने के कारण बच्चे स्कूल से बाहर निकलते ही सीधे सड़क पर पहुंच जाते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं घाटलोहंगा से जुड़े प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मार्ग भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

■ जर्जर सड़क बनी परेशानी का कारण

विद्यालय के सामने स्थित चौक में बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ जमा होने से बच्चों का सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया है। इस मार्ग पर ट्रकों, अन्य भारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की लगातार आवाजाही रहती है। ऐसे में विद्यालय के सामने बच्चों की सुरक्षा के लिए कई बार शिक्षकों को स्वयं सड़क किनारे खड़े होकर निगरानी करनी पड़ती है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इसी मार्ग पर प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, बालक छात्रावास तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं।



प्रतिदिन कवि असना, टिकरा लोहंगा सहित आसपास के कई गांवों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं साइकिल और पैदल इसी सड़क से विद्यालय पहुंचते हैं। विद्यालय के सामने बने गहरे गड्ढों और कीचड़ के कारण कई राहगीर, स्कूली बच्चे और ग्रामीण फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के अधिकांश प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय की समुचित व्यवस्था भी नहीं है। कई स्कूलों में शौचालय भवन तो बना है, लेकिन सेप्टिक टैंक नहीं होने के कारण उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं, को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों से सड़क की जर्जर स्थिति पर चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि सड़क की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है, इसलिए संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा सकती। अधिकारियों ने आगे नियमानुसार कार्रवाई की बात कही।

हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है और दोनों विभागों की ओर से टालमटोल भरा जवाब दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालय में बाउंड्रीवाल का निर्माण, शौचालय की समुचित व्यवस्था तथा जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

### प्रस्ताव भेजा गया है

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी से बाउंड्रीवाल और शौचालय निर्माण के बारे में चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# कर्मियों के अधिकारों की रक्षा पर संगठित संघर्ष का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जगदलपुर प्रवास के दौरान महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक को कर्मचारियों की विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत प्रभारी, भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश महामंत्री, छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ नवरतन बरेठ, क्षेत्रीय अध्यक्ष रायपुर शहर परमेश्वर कन्नौजे तथा प्रदेश संगठन मंत्री केएन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी कार्यालयीन कर्मचारी संघ, जगदलपुर ने महासंघ के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन एवं सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में कार्यालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गगनराज हिरवानी, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र कश्यप, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, उप महामंत्री हेमेश्वर कुमार पोया, प्रचार मंत्री गुलाब सिंह देवांगन सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल रहे। सभी ने कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों के समर्थन में आगामी आंदोलन के प्रत्येक चरण में सक्रिय सहयोग देने का भरोसा दिलाया। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की वर्षों से लंबित न्यायसंगत मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो महासंघ द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगा तथा 17 अगस्त से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल को सफल बनाया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष का संकल्प दोहराया।

■ महासंघ ने लंबित व न्यायोचित मांगों पर ईडी को सौंपा ज्ञापन



### लंबित मांगों के निराकरण की मांग

ज्ञापन में कर्मचारियों के हितों से संबंधित प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया गया, जिनमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, संविदा कर्मचारियों के लिए स्पष्ट सेवा नीति, तकनीकी कर्मचारियों की वेतन एवं भत्तों की विसंगतियों का निराकरण, मैदानी कर्मचारियों को कार्य की प्रकृति के अनुरूप सुविधाएं एवं भत्ते, उत्पादन इकाइयों में सुरक्षा संबंधी आवश्यक पदों पर भर्ती तथा नवविद्युतीकृत एवं विस्तारित परियोजनाओं के लिए पर्याप्त तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मचारियों की नियमित नियुक्ति सहित अन्य लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई।

# सिक्यूरिटी गार्ड से मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एक जुलाई की रात विशाल मेगा मार्ट एवं वर्गीस बिल्डर्स में कार्यरत बुजुर्ग सुरक्षाकर्मी नंददुलाल डे के साथ कथित रूप से हुई बेरहमी से मारपीट के मामले में बंगाली समाज ने आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए एसपी को ज्ञापन दिया है।

■ बंगाली समाज ने एसपी को ज्ञापन देकर कहा जमानत पर रिहा करना नाकाफी



शनिवार को बंगाली समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी की गैरमौजूदगी में एएसपी माहेश्वर नाग को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष एवं गंभीर जांच कर आरोपियों के विरुद्ध गैर-जमानती धाराएं जोड़ने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस मामले में आरोपी शुभम मोदी एवं आदित्य मोदी के विरुद्ध वर्तमान में दर्ज धाराएं जमानती होने के कारण उन्हें थाने से ही मुचलके पर रिहा कर दिया गया। समाज का कहना है कि यदि मामले के तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के अनुरूप गंभीर धाराएं नहीं लगाई जातीं तो पीड़ित और उसके परिवार को न्याय मिलने में कठिनाई हो सकती है। बंगाली समाज ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और विधिसम्मत जांच करते हुए यदि जांच में पर्याप्त आधार प्राप्त हों, तो आरोपियों के विरुद्ध उपयुक्त गैर-जमानती धाराएं जोड़ी जाएं ताकि पीड़ित व परिवार को न्याय मिल सके तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति पर प्रभावी रोक लग सके।

ज्ञापन देने के दौरान निखिलभरत बंगाली समवाय समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश चौधरी व संभागीय अध्यक्ष जीवानंद हालदार के अलावा समाज के पदाधिकारी प्रदीप गुहा, तनय चौधरी, मलय विश्वास, तपन दत्ता, गोपाल मलिक मीडिया प्रभारी बाबू बोराई, श्याम घोष, मिंटू राय, सुब्रतो विश्वास, वासुदेव विश्वास व अन्य मौजूद थे।



# बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कुम्हरांवंड में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन (अध्यक्ष) जीएस पटनायक, प्राचार्या वि. भारती एवं प्रबंधन शाखा के संचालन आयोजकर्ता प्रदीप पटनायक, विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं शिक्षक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने नाट्य रूपांतरण से पेड़ों की रक्षा और उनके सदुपयोग के महत्व को बताते हुये एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किये। बच्चों को पर्यावरण के बचाने का संदेश दिया। इको क्लब के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण और उसके लाय पर अपने विचार व्यक्त किये। अंत में प्राचार्या ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया और उन्हें प्रकृति के प्रति अपने जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

# वन महोत्सव में सीआरपीएफ ने लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

इंजरम में स्थित राम मंदिर परिसर में सीआरपीएफ 219 बटालियन ने राष्ट्रव्यापी वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। सीआरपीएफ डीआईजी राजेश पांडे कोंटा रेंज के मार्गदशन में कमांडेंट पार्थ सारथी घोष ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कमांडेंट ने अपने अधिनस्थ अधिकारी अनुराग राज, कानाराम चौधरी तथा श्रीमती डॉ. महासमुद्रम सुप्रिया अन्य अधिकारियों एवं जवानों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट 219 बटालियन ने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी कार्मिकों तथा स्थानीय ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा उन्हें सुरक्षित रखकर एक हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। ज्ञात हो कि वन महोत्सव भारत का वार्षिक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है । जिसे प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाता है। वर्षा ऋतु के आगमन के साथ आयोजित होने वाला यह अभियान नागरिकों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जैव विविधता के संरक्षण तथा वनों की कटाई पर नियंत्रण हेतु प्रेरित करता है।

# निवर्तमान एवं नव पदस्थ आईजी का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सात जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा वन मंडलाधिकारी शामिल हुए। बैठक की शुरूआत में निवर्तमान आईजी एवं नव पदस्थ आईजी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अधिकारियों ने सुंदरराज पी. के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की तथा नव पदस्थ आईजी बद्रीनारायण मीणा का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

समीक्षा बैठक में सभी जिलों के अधिकारियों ने परिचयात्मक जानकारी देते हुए अपने-अपने जिले में संचालित नवाचारों, विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों की प्रगति तथा प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। इसके साथ ही प्रत्येक जिले का संक्षिप्त परिचय देते हुए स्थानीय परिस्थितियों, उपलब्धियों और प्रमुख प्राथमिकताओं से भी अवगत कराया गया। कमिश्नर ने बैठक के दौरान योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा नवाचारों को सराहना की।

# डंगाल टूटने से बाल-बाल बचे कृषि विभाग के कर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के कृषि उप संचालक कार्यालय के सामने स्थित विशाल पेड़ की डगाल शनिवार की दोपहर को टूटने से कृषि कार्यालय कर्मचारी घायल होने से बच गए। बताया जा रहा है कि पेड़ टूटने से अफरा-तफरी मच गई थी, सौभाग्य से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कार्यालय का सामने की सड़क में कुछ घंटे तक यातायात बाधित हुआ, जिससे भारी असुविधा हुई। साथ ही इसी पेड़ को काटने के लिए कृषि विभाग की ओर से वन विभाग को पत्र दिया था, लेकिन वन विभाग ने पेड़ की कटाई नहीं की गई।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# शाला प्रवेशोत्सव में एसएमडीसी का पुनर्गठन, प्रधानपाठक को दी विदाई

## छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया व पुस्तकें बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरादाह

विकासखंड नरहरपुर के शाउमावि उमरादाह में शुक्रवार को शाला प्रवेश उत्सव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एसएमडीसी के पुनर्गठन तथा प्रधान पाठक तामेश्वर साहू के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन प्राचार्य मोहम्मद असलम के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम में सर्वसम्मति से कोमल नेवला को एसएमडीसी का अध्यक्ष तथा राधेश्याम नाग को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों, सरपंच प्रशांत भास्कर, उपसरपंच





सदाराम मंडावी एवं जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक तामेश्वर साहू का शाल, श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। प्राचार्य मोहम्मद असलम और सरपंच प्रशांत भास्कर ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मयाराम नरेटी, प्रद्युम्न पटेल, अवध पटेल, जीवधर साहू, छबीराम मंडावी, राजबती जैन, सरस्वती जैन सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खमडोढ़गी में आज सीड बॉल छिड़काव अभियान

**कांकेर।** पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम खमदोड़ी में आज 5 जुलाई रविवार सुबह 9 बजे से सीड बॉल बीज गेंद छिड़काव अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान का आयोजन सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, ग्राम सभा खमदोड़ी एवं पर्यावरण मित्र सेना के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्राशा खमदोड़ी से पदयात्रा निकालकर आसपास के जंगल क्षेत्रों में सीड बॉल का छिड़काव किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधों का प्राकृतिक रूप से विकास करना, हरियाली बढ़ाना तथा जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

### नव प्रवेशी बच्चों को बांटी साइकिल



**कांकेर।** नए शिक्षण सत्र के शुरू होने पर सिदेसर में शाला प्रवेश उत्सव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों को तिलक लगाकर वितरण किया गया। कक्षा नवमीं के बालक एवं बालिकाओं का तिलक एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बालिकाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सरस्वती साइकिल योजना तहत निः शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य भुनेश मंडावी, प्रधान पाठक शांति रंगारे एवं मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच अनित राम हिचामी, विशेष अतिथि उपसरपंच किशन जैन, प्रज्ञा दुग्गा, आर देवांगन, पाल गण बोधन राम देवांगन, केदारनाथ ठाकुर, चंद्रभान पोटाई, रवि ठाकुर, कोमल जैन, संध्या जैन, फरजाना शेखानी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, अन्नपूर्णा साहू, कीर्ति सागर पटेल, सुनीता उपाध्याय, गोपाल सिंह साहू, गौरव कुमार सिंहा, सीमा चतुर्वेदी, मोना दीवान, मनीता सलाम, रंजना वट्टी, कुंम्पा देवी नायक, मधुलिका कलिहारी, हेमलता जैन, दिव्या प्रभा साहू, अनिता पांडेय, सुधा यदु, रनीता राय, कौशल मंडावी उपस्थित रहें।

### प्रधान अध्यापक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई

**गीदम।** गीदम के संकुल केंद्र गुमड़ा में कन्या पोटा केबिन के प्रधान अध्यापक लक्ष्मण मंडावी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह मनाया गया। गुमड़ा और जावंगा संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शासकीय सेवा पूर्ण करने पर उनको बधाई दी। इस यादगार पल को संजोने के लिए शिक्षकों ने ढोल-गुजिड़ नृत्य किया और मूर्ति व स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, सरपंच नंदू सोड़ी, संकुल प्राचार्य उदय प्रकाश शुक्ला, संकुल समन्वयक गयाप्रसाद नाग सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निधन

### सुग्रीव बहबल

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत थाना दुर्गुकोंदल में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुग्रीव बहबल का



शुक्रवार देर रात अचानक हृदयाघात से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को पुलिस विभाग के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

## डिजिटल तकनीक से संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने की पहल

# गोड़पाल भाजपा शक्ति केंद्र के डिजिटल प्रशिक्षण में सरल ऐप से जुड़े कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल के शक्ति केंद्र गोड़पाल में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म विषयक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को डिजिटल तकनीक से जोड़कर संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाना था।

बैठक में बूथ अध्यक्षों, सचिवों, बीएलए-2 तथा अन्य कार्यकर्ताओं को सरल ऐप के माध्यम से भाजपा के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया। इस दौरान उन्हें ऐप के उपयोग, लॉगिन प्रक्रिया, ऑनलाइन प्रशिक्षण सामग्री तथा संगठनात्मक गतिविधियों में डिजिटल सहभागिता की विस्तृत



जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक और तकनीकी प्रशिक्षण को नई दिशा देगा।

मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो ने कहा कि बदलते समय के अनुरूप तकनीक को अपनाना संगठन की आवश्यकता है। डिजिटल माध्यम से कार्यकर्ता घर बैठे प्रशिक्षण प्राप्त कर संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों से निरंतर जुड़े रह सकेंगे। पूर्व मंडल महामंत्री जनक आरदे, मंडल मंत्री तुकाराम पटेल एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतीश जैन ने भी कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करने और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक हलाल राम, कमल कुमार केसरिया, पांडुराम गोटा, छन्नु प्रधान, सोना राम पटेल, सगनु कोमरा, मंगलू गावड़े, धनलाल नाग, पीकेश जैन सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता, संगठन को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल के शक्ति केंद्र हानपतरी में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म विषयक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी और सशक्त बनाना था। बैठक में कार्यकर्ताओं को सरल एप के माध्यम से भाजपा के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया। उन्हें एप के उपयोग, ऑनलाइन प्रशिक्षण, अध्ययन सामग्री तथा संगठनात्मक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गईं। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से संगठन की योजनाओं और विचारधारा को आमजन तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। मंडल महामंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रभारी शकुंतला नरेटी ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से कार्यकर्ता घर बैठे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता का विकास कर सकेंगे। वहीं ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री विजय पटेल ने कार्यकर्ताओं से तकनीक का अधिकाधिक उपयोग कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रभुराम गावड़े, शिवलाल ध्रुव, पवन मंडावी, दुकाल मंडावी, सुकबती मंडावी, गायत्री गावड़े, शुदराम गावड़े, हीराराम मंडावी, सुदर्शन गावड़े, रींगोबाई नरेटी, प्यारीबाई गावड़े सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने और संगठन को तकनीकी रूप से सशक्त करने का संकल्प लिया।



### अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** थाना अंतागढ़ में दर्ज मर्ग क्रमांक 14/2026 की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि ग्राम गोडरी, पोस्ट कामता निवासी 65 वर्षीय रघुराम पिता लतखोर सिंघारे 6 जुलाई 2025 को



कृषि एवं अन्य निजी कार्य से अपने पैतृक गांव गोडरी आए थे। कार्य समाप्त होने के बाद वे शाम करीबन साढ़े 7 बजे अपनी मोटरसाइकिल से वर्तमान निवास ग्राम भुस्की लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम हरहरपानी-केवंटी के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में रघुराम गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें रायपुर स्थित डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान 8 जुलाई 2025 की सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम मेकाहारा मेडिकल कॉलेज रायपुर में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण सड़क दुर्घटना से मृत्यु होना बताया है। घटनास्थल निरीक्षण के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना अज्ञात वाहन चालक की तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण हुई थी। जांच में यह भी पाया गया कि मूल घटना स्थल ग्राम हरहरपानी-केवंटी थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में आता है। इसके आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## रावघाट थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक के सूने घर को बनाया निशाना

# एएसआई के मकान का ताला तोड़कर की चोरी, नकदी व चांदी की मूर्तियां पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा नगर की बूढ़ादेव कॉलोनी में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने इस बार पुलिस विभाग में पदस्थ एक सहायक उपनिरीक्षक के किराए के मकान में ही सेंध लगा दी। घटना में अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और गोदरेज आलमारी का लॉकर तोड़कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले की शिकायत पर चारामा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी निवासी प्रदीप कुमार यादव जो वर्तमान में कांकेर जिले के थाना रावघाट में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। चारामा के बूढ़ादेव कॉलोनी में भागवत ठाकुर के मकान में किराए से रहते हैं। दिसंबर 2025 से उनकी ड्यूटी थाना रावघाट थाना के लिए स्थांतरित होने के कारण वे



■ आलमारी का लॉकर तोड़कर 5,400 रुपए का सामान पार

अधिकांश समय वहीं रहते हैं और 10 से 15 दिनों के अंतराल में चारामा स्थित किराए के मकान की साफ-सफाई करने आते हैं। उन्होने चारामा पुलिस को बताया कि 2 जून 2026 को अपने चारामा स्थित मकान की साफ-सफाई कर रात करीब 9 बजे वापस रावघाट थाना ड्यूटी पर चले गए थे। इसके बाद 1 जुलाई की सुबह करीब साढ़े 7 बजे मकान मालिक भागवत ठाकुर ने उन्हें फोन कर घर में चोरी होने की जानकारी दिया। जानकारी मिलने पर वे तत्काल चारामा पहुंचे और मौके पर उन्होंने देखा कि एक कमरे के दरवाजे का ताला और कुंदा किसी धारदार या कठोर वस्तु से तोड़ दिया गया था। कमरे के भीतर सामान बिखरा पड़ा था तथा गोदरेज आलमारी और उसके लॉकर को भी तोड़ दिया गया था। जांच करने पर आलमारी के लॉकर में रखे 3,000 रुपए नकद, दो चांदी की गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां कीमत लगभग 1,500 रुपये तथा कमरे में रखे दो कांसे के गिलास कीमत लगभग 900 रुपये गायब मिले। इस प्रकार अज्ञात चोर करीब 5,400 रुपये मूल्य की नकदी एवं सामान चोरी कर ले गए।

एएसआई की लिखित शिकायत पर चारामा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ घटनास्थल के साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत खोरा निवासी 30 वर्षीय संतुराम गावड़े पिता स्व. जगदीश राम और खोरा निवासी 23 वर्षीय धनसिंह गावड़े पिता स्व. जगदीश को गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोनो युवक 3 जुलाई को अपने बाइक से बाजार जा रहा थे। पुलिया के पास एक्सीडेंट होने से दोनो को गंभीर चोट आया, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुरालठेमली में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर भव्य शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य नए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना और उन्हें पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विद्यालय में विधिवत प्रवेश कराना था। इस दौरान विद्यालय परिसर में बच्चे नयी ऊर्जा और उमंग के साथ उपस्थित हुए। सभी बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था, और उनके चेहरे पर एक नई मुस्कान दिखाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस मौके पर स्वागत गीत और पारंपरिक वंदन भी प्रस्तुत किए गए। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, फूलों का हार पहनाकर तथा मिठाइयां खिलाकर



विद्यालय में प्रवेश कराया गया। बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और यूनिफॉर्म भी वितरित की गई, ताकि वे अपने पहले दिन से ही पढ़ाई के प्रति जागरूक और उत्साहित हो सकें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की प्रमुख सदस्य, विशिष्ट अतिथि एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहें।

## हजारों सीड बॉल बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड केशकाल के शासकीय हाई स्कूल सालेभाट में इको क्लब के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीड बॉल निर्माण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान कक्षा 6वीं से 10वीं तक के 104 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 50 हजार सीड बॉल तैयार किए। कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाली बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करना तथा जैव विविधता के संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने मिट्टी, जैविक खाद और विभिन्न पौधों के बीजों



से सीड बॉल तैयार किए।

इनमें गरंजी, कहुआ, सहजन, सीताफल, जामुन, इमली, गुलमोहर, बेहड़ा, चार, खमहार, आम, हर्रा और महुआ सहित अनेक प्रजातियों के बीज शामिल रहे। तैयार किए गए सीड बॉल्स को आगामी मानसून में जंगलों एवं खाली पड़ी भूमि पर फैलाकर प्राकृतिक रूप से पौधों का विकास किया जाएगा। एक बीज, हजारों हरियाली की उम्मीद थीम पर आयोजित इस अभियान को सफल बनाने में इको क्लब प्रभारी फणीश्वर साहू सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने शासन की महत्वाकांक्षी ईको क्लब मिशन लाइफ योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ते हुए प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

## 85 गरीब परिवारों के पुनर्वास और न्याय की मांग

# नकटी में बेदखली कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

रायपुर के नकटी में 85 गरीब परिवारों के मकानों पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में दुर्गूकोंदल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, मुआवजा और न्याय की मांग उठाई।

जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शनिवार को दुर्गूकोंदल बस स्टैंड परिसर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे



लगाए और ग्राम नकटी में 85 गरीब परिवारों के मकानों पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई को अन्यायपूर्ण और जनविरोधी करार दिया। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी ने कहा कि वर्षा ऋतु के बीच गरीब परिवारों को बेघर करना सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों की मेहनत से बनाए गए गरीबों के आशियानों को बिना मानवीय दृष्टिकोण अपनाए उजाड़ दिया गया, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होने कहा कि लोकतांत्रिक सरकार का दायित्व गरीब, किसान और मजदूर वर्ग की सुरक्षा करना है, न कि उन्हें बेघर करना। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगी। हुमन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता की आवाज बनकर खड़ी रही है और आगे भी गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करती रहेगी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार से नकटी के प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, उचित मुआवजा और न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो कांग्रेस इस मुद्दे पर जनआंदोलन को और व्यापक रूप देगी। कार्यक्रम में जिला सचिव नीरज कोसमा, तोरण दुगा, महत्तम दुग्गा, रामजी पुड़ो, नरेंद्र जैन, उदय पुरामें, अनूप दीवान, नंदू कुलदीप, जितेंद्र मंडावी सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

